कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय,स्वशासी समिति, भोपाल
Phone: 0755-2540590, Email:- deangmc_bpl@yahoo.co.in Website:- www.gmcbhopal.net


क्रमांक 7417 /एम.सी./पैरा0/2025 भोपाल, दिनांक: 22/02/2025

# काउंसिलिंग–पैरामेडिकल पाठ्यक्रम सत्र 2023–24

## ( दिनांक 01.03.2025 से 13.03.2025 तक )

गॉधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में पैरामेडिकल पाठ्यक्रमो में सीट आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु **दिनांक –01.03.2025 से 13.03.2025 तक** काउंसिलिंग के प्रथम चरण का निम्नानुसार आयोजन किया गया है।

सत्र 2023–24 के विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में (अंतरिम) प्रवेश, हेतु GMC-Bhopal के वेवसाईट पर जारी विज्ञापन क्रमांक 3812/एम.सी./पैरा/2025 भोपाल, दिनांक 24/01/2025 के अनुक्रम में जिन उम्मीद्वार के द्वारा 05.02.2025 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा किया गया है, ऐसे उम्मीदवार निम्नलिखित तालिका के अनुसार **रजिस्ट्रेशन/ आवंटन/ स्कूटनी** हेतु निर्धारित समय पर आवश्यक समस्त मूल दस्तावेजों के साथ स्वंय उपस्थित हों–

| | |
|---|---|
| दिनांक 01/03/2025(शनिवार) | **A- समस्त श्रेणीयों** के सेवारत उम्मीदवार **(In-Service Candidate)** ।<br>**B-** पी0जी0 डिप्लोमा परफ्यूजन टेक्नोलॉजी, पाठ्यक्रम हेतु **समस्त श्रेणियों** के उम्मीदवार |
| दिनांक 02/03/2025 (रविवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 254 या उससे अधिक है। |
| दिनांक 03/03/2025 (सोमवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 241 से 253 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 04/03/2025(मंगलवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 230 से 240 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 05/03/2025 (बुधवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 219 से 229 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 06/03/2025 (गुरूवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 211 से 218 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 07/03/2025 (शुक्रवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 203 से 210 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 08/03/2025 (शनिवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 197 से 202 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 09/03/2025 (रविवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 191 से 196 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 10/03/2025 (सोमवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 180 से 190 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 11/03/2025 मंगलवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 169 से 179 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 12/03/2025 (बुधवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics,Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 159 से 168 तक के उम्मीदवार। |
| दिनांक 13/03/2025 (गुरूवार) | पैरामेडिकल डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट, पाठ्यक्रमों हेतु (समस्त श्रेणियों) के उम्मीदवार जिनके Physics, Chemistry,Biology(PCB) में कुल प्राप्तांक अंक 158 एवं उससे कम प्राप्तांक के उम्मीदवार। |

R.K. Vaish
Co-ordinator
Paramedical Courses
Gandhi Medical College, Bhopal

22/2/25
Dean
Gandhi Medical College
Bhopal

P.T.O.

रजिस्ट्रेशन & काउंसिलिंग का समयः – समस्त उम्मीदवारों को प्रातः 10.30 बजे तक निर्धारित स्थान पर रिपोर्ट करना अनिवार्य है।
रजिस्ट्रेशन & काउंसिलिंग का स्थानः – सभागृह (ऑडिटोरियम), गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल।

नोटः–

- प्रवेश प्रक्रिया/काउंसिलिंग से संबंधित सभी प्रकार की सूचनायें समय–समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट www.gmcbhopal.net. पर तथा पैरामेडिकल शाखा के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करायीं जायेंगी। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोई व्यक्तिगत कॉल लेटर सूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे नियमित रूप से महाविद्यालय की वेबसाइट एवं सूचना पटल का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।
- काउंसलिंग के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय/किराया संस्था द्वारा देय नहीं होगा।
- **काउंसिलिंग दिनांक को** संबधित उम्मीदवार अपने समस्त मूल दस्तावेजों, नवीनतम पांच पासपोर्ट साईज कलर फोटो के साथ एवं आवश्यक मूल दस्तावेजों की स्वंय प्रमाणित 2 सैट में छायाप्रतियों के साथ **प्रातः 10:30 बजे निर्धारित स्थान पर स्वयं** उपस्थित हों अन्यथा मेरिट सरल कमांक के निकल जाने के पश्चात इस सत्र के लिये ऐसे उम्मीदवार को कोई भी सीट आवंटित नहीं की जावेगी तथा सीट अन्य उम्मीदवार को आवंटित कर दी जायेगी। ऐसे उम्मीदवार को सीट आवंटित नहीं होने की समस्त जिम्मेदारी, इस विशेष उम्मीदवार की स्वयं होगी।
- **सीट आवंटित होने के दिन ही** सभी उम्मीदवारों को **सभी मूल दस्तावेज को अनिवार्य रूप से तुरंत जमा करने के साथ साथ प्रवेश के समय आवश्यक फीस** को ऑनलाईन रूप से जमा करने के बाद ही प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण मानी जावेगी अन्यथा सीट आवंटन स्वतः ही निरस्त माना जावेगा तथा ऐसे उम्मीदवार को Next round counselling में पात्रता स्वतः ही समाप्त मानी जावेगी । सीट आवंटन के दिन शुल्क जमा नहीं कर पाने की स्थिति में भी उम्मीदवार की सीट मेरिट लिस्ट के अनुसार दूसरे अभ्यर्थी/उम्मीदवार को आवंटित कर दी जावेगी। **सभी अभ्यर्थी को अपने मूल दस्तावेजों की फोटोकॉपी/पी.डी.एफ, अपने पास रखना होगा। मूल दस्तावेज पाठ्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत ही वापिस किये जाएंगे**
- स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) एवं माईग्रेशन की मूल प्रति, आवंटित सीट में प्रवेश के 07 दिवसों के अन्दर गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के पैरामेडिकल शाखा कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जावेगा।
- काउंसिलिंग की निर्धारित दिनांक एवं रजिस्ट्रेशन समयावधि उपरांत किसी भी आवेदक को कांउसिलिंग में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।
- पी0जी0 डिप्लोमा परफ्यूजन टेक्नोलॉजी हेतु बी0एस0सी0 (Biology with Zoology) तथा शेष अन्य सभी पाठ्यक्रमों हेतु 12वीं (10+2) की परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था से बायोलॉजी विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश 12वीं में जीव विज्ञान (Biology), भौतिक विज्ञान (Physics), रसायन शास्त्र (Chemistry) विषयों में प्राप्त अंकों की मैरिट (प्रावीण्य सूची) के आधार पर दिए जायेंगे।

**आवश्यक मूल दस्तावेजों/मूल अभिलेखों की क्रमानुसार सूचीः–**

1. 10 वीं परीक्षा की अंक सूची
2. 12 वीं (10+2 हायर सेकेण्डरी) परीक्षा की जीव विज्ञान समूह की अंक सूची।
3. बी0एस0सी0 (Biology with Zoology)- केवल पी0जी0 डिप्लोमा परफ्यूजन टेक्नोलॉजी के उम्मीदवारों के लिये
4. वैध डिजिटल मूल निवासी प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
5. वैध डिजिटल जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए)(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
6. आय प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए–यदि लागू हो तो)
7. **आवेदक के अभिभावक यदि शासकीय कर्मचारी है, तो विभाग से जारी किया गया आय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा** (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए–यदि लागू हो तो)
8. वैध EWS प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो–सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
9. स्थानातंरण प्रमाण पत्र (T.C.) & माइग्रेशन प्रमाण पत्र (सीट आवंटन के 7 दिनों के अन्दर जमा करना अनिवार्य है अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा)
10. नवीनतम पांच पासपोर्ट साईज कलर फोटो।
11. गैप सर्टिफिकेट के लिए 100 रूपए स्टांप शुल्क के साथ नोटरी सहित शपथ पत्र (यदि लागू हो तो) (प्रारूप संलग्न)
12. शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
13. अनापत्ति प्रमाण–पत्र( N.O.C ) केवल विभागीय कोटे के उम्मीदवारों के लिये अनिवार्य है।
14. आई0डी0 प्रूफ (आधार कार्ड/वोटर कार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट)
15. 100 रूपए स्टांप शुल्क के साथ नोटरी सहित अनिवार्य शपथ पत्र(सभी उम्मीदवारों के लिए) (प्रारूप संलग्न)

R K Vanh
Co-ordinator
Paramedical Courses
Gandhi Medical College, Bhopal

22/2/25
Dean
Gandhi Medical College,
Bhopal

# अनिवार्य शपथ पत्र ( रू. 100/- के स्टांप के साथ नोटरी)

अभ्यर्थी का नाम :- ............................................ .... ......................................................

पिता/पति का नाम:- ............................. ................ ......... ..................................................

निवास :-........................................................................ ...........................................

आधार क्रमांक:- ................... .. ......... ........................मोबाईल नम्बर:- .....................................

1. यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करता/करती हूँ कि मैं पैरामेडिकल डिग्री / डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम सत्र 2023-2024 में गांधी चिकित्सा महाविद्यालय,भोपाल में प्रवेश लेने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा/ रही हूँ।
2. यह कि मैं वर्तमान में किसी भी शासकीय / अर्द्धशासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत नहीं हूँ या इस गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में सीट आवंटित होने के 07 दिवसों के अन्दर स्थानांनतरण प्रमाण-पत्र (T.C.) एवं माईग्रेशन सर्टिफिकेट जमा करूंगा/करूंगी तथा समय-सीमा में जमा नहीं करने की स्थिति में मेरा प्रवेश स्वत: निरस्त माना जावेगा।
3. यह कि मैं प्रथम बार जिस भी पाठ्यक्रम में सीट आवंटन होता है तो मैं अन्य पाठ्यक्रम में सीट परिवर्तन के लिये दावेदारी प्रस्तुत नहीं करूंगा/करूंगी ।
4. यह कि मैं पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते समय मूल दस्तावेज जमा करने के उपरांत, पाठ्यक्रम के अंतिम परीक्षाफल में उत्तीर्ण होने से पहले कभी भी मूल दस्तावेज वापिस नहीं मांगूगा/मागूंगी । अंतिम परीक्षाफल में उत्तीर्ण होने से पहले कभी भी यदि मुझे मूल दस्तावेज की आवश्यकता होगी तो पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण फीस मैं स्वंय जमा करने के पश्चात लेखा शाखा से नो ड्यूज लेकर आवेदन पत्र जमा करूंगा/करूंगी ।

दिनांक:- ...........................

स्थान:- ............................

शपथकर्ता

मैं शपथ कर सत्यापित करता/ करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र में बिन्दु क्र 01 से 04 में उल्लेखित समस्त जानकारी पूर्णत: सही एवं सत्य है। कोई भी बात मेरे द्वारा छिपाई नहीं गयी है। भविष्य में मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर संस्था को मेरा प्रवेश निरस्त करने एवं कोई भी कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांक:- ...........................

स्थान:- ............................

शपथकर्ता

P.T.O.

# गैप सर्टिफिकेट शपथ पत्र ( रू. 100/- के स्टांप के साथ नोटरी)

अभ्यर्थी का नामः- ....................................................................................

पिता/पति का नामः- ........................................................................

निवासीः- .....................................................................................

आधार क्रमांकः- ..........................................................................

मोबाईल नम्बरः- ........................................................................

1. यह कि मेरे द्वारा आवश्यक अहर्ता परीक्षा (12th / B.Sc.) वर्ष.............................में उत्तीर्ण की गयी थी।
2. यह कि उक्त अहर्ता परीक्षा उपरांत मेरा गैप वर्ष................ से वर्ष ............... तक रहा है।
3. यह कि गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु यह गैप शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा/ रही हूँ।

दिनांकः- ...........................

स्थानः- ............................

शपथकर्ता

मैं शपथ कर सत्यापित करता/ करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र में बिन्दु क्र 01 से 03 में उल्लेखित समस्त जानकारी पूर्णतः सही एवं सत्य है। कोई भी बात मेरे द्वारा छिपाई नहीं गयी है। भविष्य में मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर संस्था को मेरा प्रवेश निरस्त करने एवं कोई भी कार्य वाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांकः- ...........................

स्थानः- ............................

शपथकर्ता